प्रेस विज्ञप्ति

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम घोषित किए

महत्वपूर्ण बातें

- बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बीओबी) ने 31 दिसंबर, 2022 तक वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 18.5% की वृद्धि के साथ रु. 20,73,385 करोड़ का कुल कारोबार अर्जित किया।
- बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बीओबी) ने वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 75.4% की वृद्धि के साथ अभी तक का सबसे बड़ा तिमाही निवल लाभ रु. 3,853 करोड़ घोषित किया।
- वित्त-वर्ष 23 की नौमाही में निवल लाभ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 69.9% की मजबूत वृद्धि के साथ रु. 9,334 करोड़ रहा।
- वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही और वित्त वर्ष 23 की नौमाही में बढ़कर निवल ब्याज आय (एनआईआई) क्रमशः 26.5% और 24.2% रहा।
- परिचालन लाभ वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष 50.1% की वृद्धि के साथ रु. 8,232 करोड़ रहा।
- ऋण लागत वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में 0.37% और वित्त वर्ष 23 की नौमाही में 0.66% के रिकॉर्ड निचले स्तर पर रहा।
- वैश्विक अग्रिम में वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष 19.7% की मजबूत वृद्धि दर्ज हुई।
- वाहन ऋण (27.5%), गृह ऋण (19.6%), वैयक्तिक ऋण (169.6%), मॉर्गेज ऋण (20.5%), शिक्षा ऋण (24.1%) जैसे अधिक फोकस वाले क्षेत्रों में बढ़ोतरी के कारण ऑर्गेनिक रिटेल अग्रिमों में 29.4% की वृद्धि हुई।
- वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 272 बीपीएस और तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 78 बीपीएस की गिरावट के साथ जीएनपीए 4.53% रहा.
- वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 126 बीपीएस और तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 17 बीपीएस की गिरावट के साथ एनएनपीए 0.99% रहा.
- प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) टीडब्ल्यूओ के साथ 92.34% और टीडब्ल्यूओ के बिना 78.85% रहा।
- निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 24 बीपीएस की वृद्धि के साथ 3.37% और वित्त वर्ष 23 की नौमाही में 22 बीपीएस की वृद्धि के साथ 3.23% रहा.
- घरेलू एनआईएम वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 33 बीपीएस बढ़कर 3.54% रहा और यह वित्त-वर्ष 23 की नौमाही में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 27 बीपीएस बढ़कर 3.35% रहा।
- आस्तियों पर प्रतिफल (आरओए) वित्त वर्ष 23 की नौमाही में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 31 बीपीएस से बढ़कर 0.93% रहा और आरओए वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष 39 बीपीएस बढ़कर 1.13% रहा।
- इक्विटी पर प्रतिफल (आरओई) वित्त वर्ष 23 की नौमाही में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 504 बीपीएस बढ़कर 17.02% रहा; आरओई वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 671 बीपीएस बढ़कर 21.08% रहा।
- एलसीआर (समेकित) दिसंबर, 22 में 143.78% रहा।
- बैंक ऑफ़ बड़ौदा अब कुल कारोबार के अनुसार भारत का दूसरा सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है*

*कुल कारोबार, कुल जमा और कुल अग्रिम का योग है

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

## व्यावसायिक कार्यनिष्पादन

- बैंक का वैश्विक अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर +19.7% की वृद्धि के साथ रु. 9,23,878 करोड़ रहा।
- बैंक का घरेलू अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर +16.2% की वृद्धि के साथ रु. 7,60,249 करोड़ रहा।
- वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में अंतर्राष्ट्रीय अग्रिम में वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के 8.6% की तुलना में 4.4% की वृद्धि के साथ रु. 1,63,629 करोड़ रहा।
- वैश्विक जमा वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 17.5% बढ़कर रु. 11,49,507 करोड़ हो गया।
- दिसंबर' 22 में घरेलू जमाराशियां वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 14.5% की वृद्धि के साथ रु. 10,03,737 करोड़ रहीं।
- दिसंबर' 22 में अंतर्राष्ट्रीय जमाराशियां वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 43.6% की वृद्धि के साथ रु. 1,45,770 करोड़ रहीं।
- दिसंबर' 22 में घरेलू कासा में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 7.6% की वृद्धि हुई और घरेलू बचत खाता जमाराशियां वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 9.2% की वृद्धि दर्ज करने के साथ बढ़ोत्तरी रु. 4,17,812 करोड़ रहीं।
- वर्ष-दर-वर्ष आधार पर ऑटो ऋण (27.5%), गृह ऋण (19.6%), वैयक्तिक ऋण (169.6%), मॉर्गेज ऋण (20.5%), शिक्षा ऋण (24.1%) जैसे अधिक फोकस वाले क्षेत्रों में बढ़ोत्तरी की वजह से बैंक के ऑर्गेनिक रिटेल ऋण पोर्टफोलियो में 29.4% की वृद्धि हुई।
- वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 12.8% की वृद्धि के साथ कृषि ऋण पोर्टफोलियो बढ़कर रु. 1,19,197 करोड़ हो गया।
- वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 29.8% की वृद्धि के साथ कुल गोल्ड लोन पोर्टफोलियो (रिटेल और कृषि सहित) बढ़कर रु. 35,134 करोड़ हो गया।
- वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 11.1% की वृद्धि के साथ ऑर्गेनिक एमएसएमई पोर्टफोलियो बढ़कर रु. 1,03,003 करोड़ हो गया।

## लाभप्रदता

- वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में निवल ब्याज आय (एनआईआई) वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 26.5% बढ़कर रु. 10,818 करोड़ हो गई। वित्त वर्ष 23 की नौमाही में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 24.2% की वृद्धि के साथ निवल ब्याज आय (एनआईआई) बढ़कर रु. 29,831 करोड़ हो गई।
- तिमाही में शुल्क आधारित आय 9.4% बढ़कर रु. 1,539 करोड़ हो गई। वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 12.2% की वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 23 की नौमाही में यह रु. 4,332 करोड़ रहा।

- ❖ वित्त-वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में परिचालन आय रु. 14,370 करोड़ रही जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 29.8% की वृद्धि हुई।
- ❖ वित्त-वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में अग्रिमों पर प्रतिलाभ बढ़कर 7.78% हो गया जो वित्त-वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में 6.92% था।
- ❖ वित्त-वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में जमा राशियों पर लागत 4.01% रही जो वित्त-वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में 3.50% थी।
- ❖ वित्त- वर्ष 22 की तीसरी तिमाही के 50.47 % की तुलना में लागत आय अनुपात वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में घटकर 42.71% रह गया।
- ❖ वित्त-वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 50.1% की वृद्धि के साथ परिचालन लाभ रु. 8,232 करोड़ रहा। वित्त वर्ष 23 की नौमाही के लिए परिचालन लाभ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 12.2% की वृद्धि के साथ रु. 18,791 करोड़ रहा।
- ❖ वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में रु. 2,197 करोड़ के लाभ की तुलना में बैंक ने वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में रु. 3,853 करोड़ का स्टेंडअलोन निवल लाभ दर्ज किया।
- ❖ वित्त-वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में वैश्विक एनआईएम 3.37% रहा, जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 24 बीपीएस की बढ़ोतरी हुई। वित्त-वर्ष 22 की नौमाही के 3.01% की तुलना में एनआईएम वित्त वर्ष 23 की नौमाही में 3.23 रहा।
- ❖ वित्त-वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में आस्तियों पर प्रतिलाभ (वार्षिकीकृत) सुधरकर 1.13% हो गया, जो वित्त-वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में 0.74% था। वित्त-वर्ष 23 की नौमाही में, आस्तियों पर प्रतिलाभ 0.93% रहा।
- ❖ वित्त-वर्ष 23 की नौमाही में इक्विटी पर प्रतिलाभ (वार्षिकीकृत) वर्ष-दर वर्ष आधार पर 504 बीपीएस बढ़कर 17.02% हो गया।
- ❖ समेकित इकाई के लिए निवल लाभ वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही के रु. 2,464 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में रु. 4,306 करोड़ रहा।

## आस्ति गुणवत्ता

- ❖ बैंक का सकल एनपीए वित्त-वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में वर्ष दर वर्ष आधार पर 25.3% घटकर रु. 41,858 करोड़ रहा और सकल एनपीए अनुपात वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही के 7.25% की तुलना में वित्त-वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में सुधरकर 4.53% रहा।
- ❖ बैंक का निवल एनपीए अनुपात वित्त-वर्ष 22 की तीसरी तिमाही के 2.25% की तुलना में वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में सुधरकर 0.99% रहा।

- वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात, टीडब्ल्यूओ सहित 92.34% और टीडब्ल्यूओ को छोड़कर 78.85% रहा।
- स्लिपेज अनुपात वित्त-वर्ष-22 की तीसरी तिमाही के 1.68% की तुलना में घटकर वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में 1.05% रहा। वित्त वर्ष 23 की नौमाही के दौरान स्लिपेज अनुपात में 72 बीपीएस का सुधार हुआ और यह 1.22% पर रहा।
- वित्त-वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में क्रेडिट लागत 0.37% रही।

## पूंजी पर्याप्तता

- दिसंबर, 22 में बैंक का सीआरएआर 14.93% रहा। दिसंबर, 22 में टियर-I 12.62% (CET-1 10.83%, AT1 1.79%) और टियर -II 2.31% रहा।
- समेकित इकाई के लिए सीआरएआर तथा सीईटी-1 क्रमशः 15.44% और 11.45% रहे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

### व्यावसायिक स्थिति

| *विवरण (रुपये करोड़ में )* | *31 दिसम्बर, 2021* | *30 सितंबर, 2022* | *31 दिसम्बर, 2022* | *वर्ष-दर-वर्ष आधार पर (%)* |
|---|---|---|---|---|
| *घरेलू जमा राशि* | 8,76,555 | 9,58,967 | 10,03,737 | 14.5 |
| *घरेलू कासा* | 3,88,169 | 4,10,151 | 4,17,812 | 7.6 |
| *वैश्विक जमा राशि* | 9,78,034 | 10,90,172 | 11,49,507 | 17.5 |
| *घरेलू अग्रिम* | 6,54,315 | 7,16,737 | 7,60,249 | 16.2 |
| *जिनमें से, रिटेल ऋण पोर्टफोलियो (ऑर्गेनिक)* | 1,28,960 | 1,58,506 | 1,66,861 | 29.4 |
| *वैश्विक अग्रिम* | 7,71,994 | 8,73,496 | 9,23,878 | 19.7 |
| *एनआईएम वैश्विक %* | *3.13* | *3.33* | *3.37* | *24 बीपीएस* |

### *31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम*

| *विवरण (रुपये करोड़ में)* | *वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही* | *वित्त वर्ष 23 की दूसरी तिमाही* | *वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही* | *वर्ष-दर-वर्ष आधार पर (%)* |
|---|---|---|---|---|
| *ब्याज आय* | 17,963 | 21,254 | 23,540 | 31.0 |
| *ब्याज व्यय* | 9,411 | 11,080 | 12,722 | 35.2 |
| *शुल्क आधारित आय* | 1,407 | 1,515 | 1,539 | 9.4 |
| *निवल ब्याज आय (NII)* | 8,552 | 10,174 | 10,818 | 26.5 |
| *परिचालन आय* | 11,071 | 12,000 | 14,370 | 29.8 |
| *परिचालन व्यय* | 5,588 | 5,969 | 6,138 | 9.8 |
| *परिचालन लाभ* | 5,483 | 6,031 | 8,232 | 50.1 |
| *कुल प्रावधान (कर के अलावा) और आकस्मिकताएं* | 2,506 | 1,628 | 2,404 | -4.1 |
| *जिनमें से, एनपीए बट्टे खाते डाले गए अशोध्य ऋण के लिए प्रावधान* | 4,283 | 1,654 | 817 | -80.9 |
| *कर पूर्व लाभ* | 2,976 | 4,403 | 5,828 | 95.8 |
| *कर के लिए प्रावधान* | 779 | 1,090 | 1,976 | -- |
| *निवल लाभ* | 2,197 | 3,313 | 3,853 | 75.4 |

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

*प्रमुख अनुपात*

| *विवरण* | *31 दिसम्बर, 2021* | *30 सितंबर, 2022* | *31 दिसम्बर, 2022* |
|---|---|---|---|
| *सीआरएआर (%)* | *15.47* | *15.25* | *14.93* |
| *टियर-1 (%)* | *13.24* | *12.81* | *12.62* |
| *सीईटी-1 (%)* | *11.3* | *10.95* | *10.83* |
| *सकल एनपीए (%)* | *7.25* | *5.31* | *4.53* |
| *निवल एनपीए (%)* | *2.25* | *1.16* | *0.99* |
| *पीसीआर (टीडब्ल्यूओ सहित) (%)* | *85.95* | *91.73* | *92.34* |

**3 फरवरी, 2023**
**मुंबई**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में

20 जुलाई, 1908 को स्थापित बैंक ऑफ़ बड़ौदा ("बैंक") एक भारतीय राज्य के स्वामित्व वाला बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा संगठन है जिसका मुख्यालय वडोदरा (पहले बड़ौदा के नाम से जाना जाता था), गुजरात, भारत में स्थित है 'वैकल्पिक व्यवस्था' योजना के अंतर्गत सरकार ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा के साथ विजया बैंक एवं देना बैंक के समामेलन की घोषणा की जो 1 अप्रैल, 2019 से लागू हुई।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के सबसे बड़े बैंकों में से एक है जिसकी वर्तमान में 8,178 घरेलू शाखाओं और 11,456 एटीएम तथा स्वयं सेवा चैनलों द्वारा समर्थित कैश रिसाइकलर्स के साथ सुदृढ़ उपस्थिति है। 17 देशों में फैले 94 विदेशी कार्यालयों के नेटवर्क के साथ बैंक की एक व्यापक अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति है।

हमें विजिट करें :

- वेबसाइट: www.bankofbaroda.in
- फेसबुक: https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर: https://twitter.com/bankofbaroda
- इंस्टाग्राम: https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- यूट्यूब: https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- लिंक्डइन: https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:

श्री इयान डिसूजा
मुख्य वित्त अधिकारी
बैंक ऑफ़ बड़ौदा
मुंबई
Cfo.bcc@bankofbaroda.co.in